भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1308
उत्तर देने की तारीख 30.07.2026

सार्वजनिक पुस्तकालय

1308. श्री मंसूर अली ख़ान :
श्रीमती रंजीत रंजन :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के आरंभ से अब तक उसके अंतर्गत स्थापित, आधुनिकीकृत अथवा प्रस्तावित केंद्रीय और जिला पुस्तकालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस मिशन के अंतर्गत आवंटित बजट, जारी की गई निधियों और किए गए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पुस्तकालयाध्यक्षों और कर्मचारियों के स्वीकृत पदों, कार्यरत संख्या तथा रिक्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) डिजिटलीकृत अथवा डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में शामिल पुस्तकालयों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है, जिसमें पांडुलिपियों और पुस्तकों का डिजिटलीकरण भी सम्मिलित है; और

(ङ) क्या अवसंरचना संबंधी कमियों, कर्मचारियों की कमी और डिजिटल पहुंच का आकलन किया गया है और यदि हां, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): संस्कृति मंत्रालय ने अपनी राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम के माध्यम से, 'एनएमएल मॉडल पुस्तकालयों की स्थापना' घटक के अंतर्गत, संबंधित राज्य प्राधिकरणों की अनुशंसा पर प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य केंद्रीय पुस्तकालय और एक जिला

पुस्तकालय तथा संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए 6 पुस्तकालयों को वित्तीय सहायता संस्वीकृत की है, जिसका विवरण **अनुलग्नक-क** पर दिया गया है।

(ख): मिशन के अंतर्गत वर्ष-वार आवंटित बजट, जारी की गई निधियां और किया गया व्यय निम्नानुसार है: -

राशि लाख रुपए में

वित्त वर्ष	**आवंटित बजट (संशोधित आकलन)**	**मंत्रालय द्वारा जारी निधियां**	**वास्तविक व्यय**
2016-17	3250.00	2637.84	1807.96
2017-18	4960.00	2884.43	652.52
2018-19	3992.00	2525.45	404.35
2019-20	73.00	0.00	232.82
2020-21	0.00	0.00	151.27
2021-22	165.00	152.16	442.18
2022-23	1910.00	1895.55	306.24
2023-24	2602.00	469.24	1357.07
2024-25	2161.00	2071.80	1893.66
2025-26	3507.00	3309.00	3244.08

(ग) से (ड.): भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार पुस्तकालय राज्य का विषय है और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरणों के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करते हैं।

अनुलग्नक-क

'सार्वजनिक पुस्तकालय' के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतांराकित प्रश्न संख्या 1308 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एनएमएल स्कीम के अंतर्गत राज्य केन्द्रीय पुस्तकालयों (एससीएल) और जिला पुस्तकालयों (डीएल) का विवरण

क्र. सं.	राज्य	पुस्तकालय का नाम
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, पोर्ट ब्लेयर
2	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	जिला पुस्तकालय, कार निकोबार
3	आंध्र प्रदेश	एससीएल, अमरावती
4	आंध्र प्रदेश	श्री गौतमी क्षेत्रीय पुस्तकालय राजामहेंद्रवरम
5	अरुणाचल प्रदेश	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, ईटानगर
6	अरुणाचल प्रदेश	जिला पुस्तकालय, पासीघाट
7	असम	जिला पुस्तकालय, जोरहाट (1)
8	असम	जिला पुस्तकालय, गुवाहाटी (2)
9	बिहार	जिला केंद्रीय पुस्तकालय, जमुई
10	बिहार	जिला केंद्रीय पुस्तकालय, हाजीपुर, वैशाली
11	चंडीगढ़	टीएस राज्य केंद्रीय पुस्तकालय
12	चंडीगढ़	संभागीय पुस्तकालय, दक्षिण
13	छत्तीसगढ़	जिला पुस्तकालय, रायगढ़
14	दमन और दीव	केंद्रीय पुस्तकालय, दमन
15	दमन और दीव	जिला पुस्तकालय, दीव
16	गोवा	डॉ. फ्रांसिस्को लुइस गोम्स जिला पुस्तकालय
17	गोवा	कृष्णदास शामा राज्य केंद्रीय पुस्तकालय
18	गुजरात	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, गांधीनगर
19	गुजरात	राजकीय जिला पुस्तकालय, भावनगर, गुजरात
20	हरियाणा	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, अंबाला छावनी
21	हरियाणा	जिला पुस्तकालय, नारनौल
22	हिमाचल प्रदेश	राजकीय जिला पुस्तकालय, बिलासपुर
23	हिमाचल प्रदेश	केंद्रीय राज्य पुस्तकालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश
24	जम्मू और कश्मीर	गनी मेमोरियल यूटी केन्द्रीय पुस्तकालय, श्रीनगर
25	जम्मू और कश्मीर	जिला पुस्तकालय, सांबा
26	झारखंड	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, धनबाद
27	झारखंड	जिला पुस्तकालय, पलामू
28	कर्नाटक	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, बैंगलोर
29	कर्नाटक	जिला केंद्रीय पुस्तकालय, शिमोगा
30	केरल	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, तिरुवनंतपुरम
31	केरल	राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय अनुसंधान केंद्र

32	लद्दाख	राज्य सार्वजनिक पुस्तकालय, कारगिल
33	लद्दाख	जिला पुस्तकालय, लेह
34	लक्षद्वीप	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, कवरत्ती
35	लक्षद्वीप	जिला पुस्तकालय, कदमत
36	मध्य प्रदेश	राजकीय जिला पुस्तकालय, खंडवा
37	मध्य प्रदेश	राजकीय श्री अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय, इंदौर
38	महाराष्ट्र	जिला पुस्तकालय, नंदुरबार
39	महाराष्ट्र	राजकीय संभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद
40	मणिपुर	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, इंफाल
41	मणिपुर	जिला पुस्तकालय, सेनापति
42	मेघालय	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, शिलांग
43	मेघालय	जिला पुस्तकालय, तुरा
44	मिजोरम	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, आइज़ोल
45	मिजोरम	जिला पुस्तकालय, कोलासिब
46	नागालैंड	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, कोहिमा
47	नागालैंड	जिला पुस्तकालय, दीमापुर
48	ओडिशा	एच. के. एम. राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर
49	ओडिशा	जिला पुस्तकालय, गंजम
50	पुदुचेरी	रोमां रोलाँ पुस्तकालय, राज्य केंद्रीय पुस्तकालय
51	पुदुचेरी	डॉ. एसआर रंगनाथन सरकारी सार्वजनिक पुस्तकालय, कराईकल
52	पंजाब	एमएम केन्द्रीय राज्य पुस्तकालय, पटियाला
53	पंजाब	गुरुनानक जिला पुस्तकालय, कपूरथला
54	राजस्थान	डॉ. राधाकृष्णन राज्य केंद्रीय पुस्तकालय , जयपुर
55	राजस्थान	राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय , कोटा
56	सिक्किम	सिक्किम राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, गंगटोक
57	सिक्किम	जिला पुस्तकालय, मंगन
58	तमिलनाडु	जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली
59	तमिलनाडु	जिला पुस्तकालय, वेल्लोर
60	तेलंगाना	जिला केंद्रीय पुस्तकालय, महबूबनगर
61	तेलंगाना	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, हैदराबाद
62	त्रिपुरा	बीरचंद्र राज्य केंद्रीय पुस्तकालय
63	त्रिपुरा	उनाकोटी जिला पुस्तकालय
64	उत्तर प्रदेश	राज्य केंद्रीय पुस्तकालय, इलाहाबाद
65	उत्तर प्रदेश	राजकीय जिला पुस्तकालय, इटावा
66	उत्तराखंड	राजकीय जिला पुस्तकालय, सुमन पुस्तकालय , नई टिहरी
67	उत्तराखंड	केंद्रीय राज्य पुस्तकालय, अल्मोड़ा
68	पश्चिम बंगाल	पश्चिम बंगाल राज्य केंद्रीय पुस्तकालय
69	पश्चिम बंगाल	उत्तर बंगाल राज्य पुस्तकालय, कूचबिहार

संस्कृति मंत्रालय के पुस्तकालय

क्र. सं.	पुस्तकालय का नाम
1.	राष्ट्रीय पुस्तकालय
2.	केंद्रीय सचिवालय ग्रंथागार
3.	दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी (डीपीएल)
4.	खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी
5.	तंजावुर महाराजा सर्फोजी सरस्वती महल पुस्तकालय

*****